Chapter 04

# पुष्पीय पादपों की आकारिकी
# (MORPHOLOGY OF FLOWERING PLANTS)

## NEET-FLASHBACK

**Q.1** बीजावरण पतला, झिल्लीमय **नहीं** होता है: **[NEET-2013]**

(1) नारियल में (2) मूँगफली में
(3) चने में (4) मक्के में

**Q.2** करेला, सरसों, बैंगन, कद्दू, गुडहल, ल्यूपिन, खीरा, सनई, चना, अमरूद, सेम, मिर्च, प्लम, *पिटुनिया*, टमाटर, गुलाब, *विथेनिया*, आलू, प्याज, एलो तथा ट्युलिप में से कितने पादपों में अधोजायांग पुष्प होते है? **[NEET-2013]**

(1) दस (2) पन्द्रह
(3) अठारह (4) छः

**Q.3** गुडहल में पुष्प होते है : **[NEET-2013]**

(1) त्रिज्यासममित, कोरस्पर्शी पुष्पदलविन्यास युक्त अधिजायांग
(2) एकव्याससममित, कोरछादी पुष्पदलविन्यास युक्त अधोजायांग
(3) एकव्याससममित, व्यावर्तित पुष्पदलविन्यास युक्त अधिजायांग
(4) त्रिज्यासममित, व्यावर्तित पुष्पदलविन्यास युक्त अधोजायांग

**Q.4** निम्न में से कौनसा अभिकथन **सही** है ? **[NEET-2014]**

(1) घास में बीज भ्रूणपोषी नहीं होते हैं
(2) आम एक अनिषेकफलित फल हैं
(3) मक्का के दाने में एक प्रोटीनमय ऐल्यूरॉन परत उपस्थित होती हैं
(4) एक बन्ध्य स्त्रीकेसर स्टेमिनोड कहलाता है

**Q.5** खाने योग्य भूमिगत तने का एक उदाहरण हैं : **[NEET-2013]**

(1) गाजर (2) मूंगफली
(3) शकरकन्द (4) आलू

**Q.6** बीजाण्डासन तथा फलभित्ति दोनों खाने योग्य भाग होते है : **[NEET-2013]**

(1) सेब में (2) केले में
(3) टमाटर में (4) आलू में

**Q.7** जब बाह्यदलों या दलों के सीमान्त बिना किसी निश्चित दिशा के एक–दूसरे को अध्यारोपित कर लेते हैं, तो यह अवस्था कहलाती है: **[NEET-2013]**

(1) वैक्जीलरी (2) कोरछादी
(3) व्यावर्तित (4) कोस्पर्शी

**Q.8** पुंज फल परिवर्धित होता है : **[NEET-2013]**

(1) बहुअण्डपी युक्ताण्डपी जायांग से
(2) बहुअण्डपी वियुक्ताण्डपी जायांग से
(3) पूर्ण पुष्पक्रम से
(4) बहुअण्डपी ऊर्ध्ववर्त्ती अण्डाशय से

**Q.9** एल्बूमिन विहीन बीज उत्पादित होते हैं: **[NEET-2013]**

(1) मक्का में (2) अरंडी में
(3) गेहूँ में (4) मटर में

**Q.10** गुडहल, सरसों, बैंगन, आलू, अमरूद, खीरा, प्याज तथा ट्यूलिप में से कितने पादप ऊर्ध्ववर्ती अण्डाशय युक्त होते है ? **[NEET-2015]**

(1) चार (2) पाँच (3) छः (4) तीन

**Q.11** पुष्प एकलिंगी होते है: **[NEET-2015]**

(1) प्याज में (2) मटर में
(3) खीरे में (4) गुडहल में

**Q.12** पत्तियाँ किसमें शूलों (spines) में रूपान्तरित हो जाती है : **[NEET-2015]**

(1) सिल्क कॉटन में (2) *ऑपुन्शिया* में

(3) मटर में (4) प्याज में

**Q.13** नौतल किसके पुष्प की अभिलाक्षणिक विशेषता है : **[NEET-2015]**

(1) टमाटर (2) ट्यूलिप

(3) *इण्डिगोफेरा* (4) *ऐलोय*

**Q.14** परिजायांगी पुष्प पाये जाते हैं: **[NEET-2015]**

(1) गुलाब में (2) अमरूद में

(3) खीरे में (4) गुडहल में

**Q.15** $\oplus$ ⚥ $K_{(5)}\ \overset{\frown}{C_{(5)}A_5}\ G_{(2)}$ पुष्प सूत्र किसका है? **[NEET-2015]**

(1) *ब्रेसिका* (2) *एलियम*

(3) *सेस्बानिया* (4) *पिटूनिया*

**Q.16** कच्चे नारियल का पानी निम्न में से किसे प्रदर्शित करता है : **[NEET-I 2016]**

(1) मांसल मध्य फलभित्ति

(2) मुक्त केन्द्रकीय प्राक्–भ्रूण

(3) मुक्त केन्द्रकीय भ्रूणपोष

(4) अन्तःफलभित्ति

**Q.17** निम्न में से कौन स्तम्भ का रूपान्तरण नहीं है : **[NEET-I 2016]**

(1) *सिट्रस* के कण्टक

(2) खीरे के प्रतान

(3) नागफनी की चपटी संरचनाऐं

(4) निपेन्थीज की घट संरचना

**Q.18** तने का वह रूपान्तरण जिसके अंतर्गत यह चपटा हरा अंग बनकर पर्ण के समान कार्य करता है, कहलाता है: **[NEET-I 2016]**

(1) पर्णाभवृन्त (2) पर्णाभस्तंभ

(3) शल्क (4) पर्णाभपर्व

**Q.19** पेपिलियोनेशियस दलपुंज का प्रधान दल क्या कहलाता है: **[NEET-I 2016]**

(1) पेपस (2) वेक्सिलम

(3) कोरोना (4) केरीना

**Q.20** *इण्डिगोफेरा, सेस्बेनिया, साल्विया, एलियम, ऐलो,* सरसों, मूँगफली, मूली, दाल तथा शलजम में से कितने पादपों में पुंकेसर भिन्न–भिन्न लम्बाईयों के रहते है : **[NEET-II 2016]**

(1) तीन (2) चार (3) पांच (4) छः

**Q.21** किसके पुष्पों में अरीय सममिति पाई जाती है : **[NEET-II 2016]**

(1) *ब्रेसिका* (2) *ट्रायफॉलियम*

(3) *पाइसम* (4) *केसिया*

**Q.22** मुक्त केन्द्रकीय बीजाण्डन्यास किसमें पाया जाता है : **[NEET-II 2016]**

(1) *डायऐन्थस* (2) *आर्जेमोन*

(3) *ब्रेसिका* (4) *सिट्रस*

**Q.23** बहुसंघी शब्द किससे सम्बन्धित है: **[NEET-II 2016]**

(1) जायांग (2) पुमंग

(3) दलपुंज (4) बाह्य दलपुंज

**Q.24** *बोगेनविलिया* में कण्टक किसके रूपान्तरण होते है : **[NEET-2017]**

(1) अनुपर्ण (2) अपस्थानिक मूल

(3) तना (4) पर्ण

**Q.25** नारियल फल किस प्रकार का होता है: **[NEET-2017]**

(1) ड्रूप (2) बेरी (3) नट (4) सम्पुट

**Q.26** नारियल का खाने योग्य पदार्थ निम्न में से किस आकारिकीय प्रकृति का होता है : **[NEET-2017]**

(1) परिभ्रूणपोष (2) बीजपत्र

(3) भ्रूणपोष (4) फलभित्ति

**Q.27** श्वसन–मूल किसमें होती हैं ? **[NEET-2018]**

(1) लवणमृदोद्भिद् में

(2) स्वतंत्र–उत्प्लावक जलोद्भिद् में

(3) मांसाहारी पादपों में

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

(4) जलमग्न जलोद्भिद में

**Q.28** शकरकंद किसका रूपान्तरण है ? **[NEET-2018]**

(1) तना (2) अपस्थानिक मूल

(3) मूसला मूल (4) प्रकंद

**Q.29** उस बीजाण्डन्यास को क्या कहा जाता है जिसमें बीजाण्ड अंडाशय की भीतरी भित्ती पर या परिधीय भाग में विकसित होते है ? **[NEET-2019]**

(1) भित्तीय (2) मुक्त केन्द्रीय

(3) आधारी (4) स्तंभीय

**Q.30** अर–पुष्पक में क्या होता है ? **[NEET-2020]**

(1) ऊर्ध्ववर्ती अंडाशय

(2) जायांगाधर अंडाशय

(3) अर्द्ध अधोवर्ती अंडाशय

(4) अधोवर्ती अंडाशय

**Q.31** तने के आधार से उत्पन्न होने वाली जड़ों को क्या कहा जाता है ? **[NEET-2020]**

(1) प्राथमिक जड़े (2) अवस्तम्भ जड़े

(3) पार्श्व जड़े (4) झकड़ा जड़े

**Q.32** अर्द्ध अधोवर्ती अंडाशय किसमें पाया जाता है ? **[NEET-2020]**

(1) सरसो (2) सूरजमूखी

(3) आलूबुखारा (4) बैगन

**Q.33** सरसों के पौधे में पुष्पासन के ऊपर पुष्प भागों की सही स्थिति है – **[NEET–2020]**

(1) पुष्पासन के किनारे ऊपर की ओर बढ़ते है, अंडाशय को पूरी तरह से घेर लेते है, और अन्य भाग अंडाशय के नीचे उत्पन्न होते हैं

(2) जायांग केंद्र में मौजूद होता है और अन्य भाग इसे आंशिक रूप से कवर करते हैं

(3 जायांग केंद्र में स्थित है, और समान स्तर के अन्य भाग

(4) जायांग सर्वोच्च स्थान पर है, जबकि अन्य भाग इसके नीचे स्थित हैं

**Q.34** आम और नारियल के फलों की सही विशेषताओं की पहचान करें। **[NEET 2020]**

(i) दोनों फल एक ड्रूप है

(ii) एंडोकार्प दोनों में खाने योग्य है

(iii) नारियल में मेसोकार्प रेशेदार होता है, और आम में यह मांसल होता है

(iv) दोनों में फल एकाण्डपी अंडाशय से विकसित होते हैं

नीचे से सही विकल्प का चयन करें:

(1) केवल (i), (ii) और (iii)

(2) केवल (i) और (iv) only

(3) केवल (i) और (ii) only

(4) केवल (i), (iii) और (iv)

**Q.35** कुछ पौधों में पुष्पासन फलों के निर्माण में योगदान देता है। ऐसे फलों को कहा जाता है: **[NEET 2020]**

(1) असत्य फल (2) पुंज फल

(3) सत्य फल (4) पार्थेनोकार्पिक फल

**Q.36** सरसों के पौधे में पुष्पासन के ऊपर पुष्प भागों की सही स्थिति है : **[NEET 2020]**

(1) जायांग सर्वोच्च स्थान रखता है, जबकि अन्य भाग इसके नीचे स्थित होते हैं।

(2) पुष्पासन का मार्जिन ऊपर की ओर बढ़ता है, अंडाशय को पूरी तरह से घेर लेता है, और अन्य भाग अंडाशय के नीचे उत्पन्न होते हैं।

(3) जायांग केंद्र में मौजूद होता है और अन्य भाग इसे आंशिक रूप से कवर करते हैं।

(4) जायांग केंद्र में स्थित होता है, और फूल के अन्य भाग उसी स्तर पर पुष्पासन के किनारे पर स्थित होते हैं।

**Q.37** द्विसंघी पुंकेसर पाए जाते हैं : **[NEET 2021]**

(1) गुडहल (2) *सीट्रस*

(3) मटर (4) गुडहल और सीट्रस

**Q.38** स्तम्भ- I को स्तम्भ- II से सुमेलित कीजिए। नीचे दिये गये विकल्पों में से सही उत्तर चूनिए। **[NEET 2021]**

**स्तम्भ- I** **स्तम्भ- II**

(a) $\% \text{⚥} K_{(5)}C_{1+2+(2)}A_{(9)+1}\underline{G}_1$ (i) ब्रेसिकेसी

(b) $\oplus \text{⚥} K_{(5)}\overset{\frown}{C_{(5)}A_5}\underline{G}_2$ (ii) लिलिएसी

(c) $\oplus \text{⚥} \overset{\frown}{P_{(3+3)}A}_{3+3}\underline{G}_{(3)}$ (iii) फैबेसी

(d) $\oplus \text{⚥} K_{2+2}C_4A_{2-4}\underline{G}_{(2)}$ (iv) सोलेनेसी

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**Q.39** अभिकथनों के सही सेट की पहचान करें:

(A) *सीट्रस* और *बोगेनविलिया* में पत्रक नुकीले कठोर कांटों में बदल जाते हैं

(B) कक्षीय कलियाँ, ककड़ी और कद्दू में पतले और सर्पिल रूप से कुंडलित प्रतान बनाती है।

(C) *ऑपुन्शिया* में तना चपटा और मांसल होता है और पत्तियों के कार्य करने के लिए रूपान्तरित होता है

(D) *राइजोफोरा* लंबवत ऊपर की ओर बढ़ने वाली जड़ें दर्शाता है जो श्वसन के लिए ऑक्सीजन प्राप्त करने में मदद करता है

(E) घास और स्ट्रॉबेरी के अर्द्धवायवीय तने कायिक प्रवर्धन में मदद करते हैं।

नीचे दिये गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए।

**[NEET 2022]**

(1) केवल (B) और (C)

(2) केवल (A) और (D)

(3) केवल (B), (C), (D) और (E)

(4) केवल (A), (B), (D) और (E)

**Q.40** पुष्प एकव्यासममित में होते हैं। **[NEET 2022]**

(A) सरसों (B) गुलमोहर

(C) *कैसिया* (D) धतूरा

(E) मिर्च

नीचे दिये गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए।

(1) केवल (A), (B), (C)

(2) केवल (B), (C)

(3) केवल (D), (E)

(4) केवल (C), (D), (E)

**Q.41** निम्नलिखित में से कौन सा पौधा वैक्सिलरी विन्यास और द्विसंघी पुंकेसर दर्शाता है? **[NEET 2022]**

(1) *कोलचिकम ऑटमनेल*

(2) *पाइसम सेटाइवम*

(3) *एलियम सेपा*

(4) *सोलेनम नाइग्रम*

**Q.42** फैबेसी कुल सोलेनेसी और लिलिएसी से भिन्न है। पुंकेसर के संबंध में, फैबेसी के उन लक्षणो को चुनिए, जो सोलेनेसी या लिलिएसी में नहीं पाए जाते हैं।

**[NEET 2023]**

(1) बहुसंघी और दललग्न पुंकेसर

(2) एकसंघी और एककोष्ठी परागकोश

(3) परिदल लग्न और द्विकोष्ठी परागकोश

(4) द्विसंघी और द्विकोष्ठी परागकोश

**Q.43** स्तम्भीय बीजाण्डन्यास किसमें देखा जा सकता है

**[NEET 2023]**

(1) गुडहल , बीन्स और ल्यूपिन

(2) टमाटर, *डायऐंथस* और मटर

(3) गुडहल, *पिटुनिया* और नींबू

(4) सरसों, खीरा और प्रिमरोज

**Q.44** नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन A है और दूसरा कारण R है **[NEET 2023]**

**अभिकथन:** एक पुष्प को रूपांतरित तने के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसमें प्ररोह मेरिस्टेम का परिवर्तन पुष्पीय मेरिस्टेम में हो जाता है।

**कारण:** प्ररोह की पोरियाँ संघनित होकर उत्तरोतर गाँठों पर पत्तियों के बजाय विभिन्न पुष्पीय उपांग उत्पन्न करते है।

उपरोक्त कथनों के विषय में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वोत्तम उत्तर चनिए

(1) A और R दोनों सत्य हैं R, A की सही व्याख्या नहीं करता है

(2) A सत्य है लेकिन R असत्य है

(3) A असत्य है लेकिन R सत्य है

(4) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है

# ANSWER KEY

## NEET-FLASHBACK

| Que. | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Ans. | 1 | 2 | 4 | 3 | 4 | 3 | 2 | 2 | 4 | 3 | 3 | 2 | 3 | 1 | 4 |
| **Que.** | **16** | **17** | **18** | **19** | **20** | **21** | **22** | **23** | **24** | **25** | **26** | **27** | **28** | **29** | **30** |
| Ans. | 3 | 4 | 2 | 2 | 2 | 1 | 1 | 2 | 3 | 1 | 3 | 1 | 2 | 1 | 4 |
| **Que.** | **31** | **32** | **33** | **34** | **35** | **36** | **37** | **38** | **39** | **40** | **41** | **42** | **43** | **44** | |
| Ans. | 4 | 3 | 4 | 4 | 1 | 1 | 3 | 1 | 3 | 2 | 2 | 4 | 3 | 4 | |

KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR